करोड़ों का गबन कर दुबई भागी कंपनी बिहार–यूपी की विशेष टीम करेगी जांच

राज्य ब्यूरो, पटना : बिहार, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में करोड़ों रुपये का गबन करने वाली शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट मामले की जांच विशेष टीम करेगी। इसमें बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों की रेरा टीम भी सहयोग करेगी। कई राज्यों में कंपनी के विस्तार और कंपनी प्रमुख के दुबई भाग जाने के मामले को देखते हुए राज्य सरकार से भी हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई गई है। केंद्रीय एजेंसियों की मदद से कंपनी के प्रमुख को दुबई से भारत प्रत्यारोपित कराने की भी तैयारी है।

रेरा के अध्यक्ष नवीन वर्मा, सदस्य आरबी सिन्हा और नुपूर बनर्जी की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। इसमें आरोपित कंपनी शाइन सिटी की ओर से कोई भी शामिल नहीं हुआ। रेरा, बिहार ने डीजीपी से आग्रह किया है कि कई राज्यों में कंपनी के खिलाफ दर्ज शिकायतों को देखते हुए एसआइटी के साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) समेत केंद्रीय एजेंसियों की भी मदद ली जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश रेरा के अधिकारियों से भी शाइन सिटी पर दर्ज मामलों व कंपनी से जुड़ी अन्य जानकारियां मांगी गई है। ओडिशा और झारखंड की रेरा टीम से भी जानकारी हासिल की जा रही है कि शाइन सिटी के प्रोजेक्ट उनके राज्यों में भी चल रहे हैं या नहीं।

कार्रवाई

- **बिहार, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में रियल एस्टेट कंपनी ने लगाई है करोड़ों की चपत**
- **कंपनी का कर्ताधर्ता को गिरफ्त में लेने को ईडी, ईओयू की भी ली जाएगी मदद**

सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की मदद लेगा रेरा

रेरा ने सभी शिकायतकर्ताओं से इस मामले की प्राथमिकी की कापी देने को भी कहा है। इसके साथ ही इस मामले की जांच में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) से भी मदद ली जाएगी। इसको लेकर ईओयू के एसपी से संपर्क करने को कहा गया है। इस मामले की जांच और एफआइआर के अध्ययन के लिए रेरा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी की भी मदद लेगी। पटना, नौबतपुर समेत कई जगहों के सर्किल अफसरों से कंपनी के जमीन से जुड़े दस्तावेज मांगे गए हैं।

Scanned with CamScanner